BUSINESS STUDIES

व्यावसायिक अध्ययन

(319)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Note : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has *two* options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में **दो** विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

SECTION–A

खण्ड–अ

1. Name the type of partner who has neither contributed any capital nor shares the profit of the firm though he is treated as a partner. 1

साझेदार के उस प्रकार का नाम बताइए जो न तो पूँजी निवेश करता है तथा न ही फर्म के लाभ में हिस्सा लेता है यद्यपि उसे फर्म के साझी के रूप में समझा जाता है।

2. Differentiate between a private company and a public company on the basis of maximum number of members. 1

निजी कम्पनी एवं सार्वजनिक कम्पनी में सदस्यों की अधिकतम संख्या के आधार पर अन्तर्भेद कीजिए।

3. Name the type of business finance which is required for more than one year but less than five years for modernisation. 1

व्यवसाय वित्त के उस प्रकार का नाम बताइए जिसकी आवश्यकता आधुनिकीकरण हेतु एक वर्ष से अधिक परन्तु पाँच वर्ष से कम के लिए होती है।

4. Define the term 'Profession'. 2

'पेशा' शब्द को परिभाषित कीजिए।

5. Define 'Statutory Corporation' and give its *one* example. 2

'सांविधिक निगम' को परिभाषित कीजिए तथा इसका **एक** उदाहरण दीजिए।

6. Explain, in brief, 'Memorandum of Association'. 2

'सीमा नियम' की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

7. Which form of business organisation would you recommend under each of the following circumstances and why? 2

(a) Where the production of goods involve manual skill

(b) Where persons from different walks of life, having ability, management talent and skill, can join together to carry on business

निम्नलिखित प्रत्येक स्थिति में आप व्यवसाय संगठन के कौन-से स्वरूप की संस्तुति करेंगे तथा क्यों?

(क) जहाँ वस्तु उत्पादन में हस्त-कौशल की आवश्यकता हो

(ख) जहाँ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से योग्यता, प्रबन्ध के गुणों तथा कौशल के लोग व्यवसाय चलाने के लिए एकत्रित होते हैं

8. Define the term 'Directing'. 2

'निदेशन' शब्द को परिभाषित कीजिए।

9. State the meaning of 'Advertising'. 2

'विज्ञापन' का अर्थ बताइए।

10. Differentiate between advertising and publicity on the basis of *(a)* control, and *(b)* identified sponsor. 2

विज्ञापन एवं प्रचार में (क) नियंत्रण एवं (ख) निश्चित पहचान के प्रायोजक के आधार पर अन्तर्भेद कीजिए।

11. "Channels of distribution are a vital link between manufacturers and consumers." Do you agree with this statement? Give any *two* reasons in support of your answer. 2

''वितरण के माध्यम विनिर्माताओं और उपभोक्ताओं के मध्य एक अत्यावश्यक कड़ी है।'' क्या इस कथन से आप सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कोई **दो** कारण दीजिए।

12. One of your friends, running a big business, could not identify the type of business objectives and wants your help in identifying the type of business objectives in the following cases : 4

(a) Growth and expansion of business operations

(b) Promotion of social justice

(c) Ensuring fair return to the investors

(d) Providing fair remuneration and incentives to the employees

आपका एक मित्र, जो एक बड़ा व्यवसाय चला रहा है, व्यवसाय के उद्देश्यों के प्रकार को नहीं पहचान सका तथा निम्न स्थितियों में व्यवसाय के उद्देश्यों की पहचान करने में आपकी सहायता चाहता है :

(क) व्यावसायिक क्रियाओं का विकास एवं विस्तार

(ख) सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना

(ग) निवेशकों को उचित प्रतिफल सुनिश्चित करना

(घ) कर्मचारियों को उचित प्रतिफल एवं अभिप्रेरक प्रदान करना

13. There are many benefits of electronic business. Give any *four* of such benefits of electronic business with brief explanation. 4

इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय के अनेक लाभ हैं। इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय के किन्हीं ऐसे **चार** लाभों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

14. Differentiate between public corporation and government companies on the basis of— 4

(a) establishment;

(b) capital;

(c) management;

(d) suitability.

सार्वजनिक निगम एवं सरकारी कम्पनियों में निम्न के आधारों पर अन्तर्भेद कीजिए :

(क) स्थापना

(ख) पूँजी

(ग) प्रबन्धन

(घ) उपयुक्तता

15. "Performance depends on ability as well as willingness and willingness depends on motivation." In the light of this statement, explain any *four* points of importance of motivation as a key element in directing. 4

''कार्य निष्पादन योग्यता एवं इच्छा दोनों पर निर्भर करता है तथा इच्छा अभिप्रेरण पर निर्भर करती है।'' इस कथन के संदर्भ में निदेशन के मुख्य तत्त्व के रूप में अभिप्रेरणा के महत्त्व के किन्हीं **चार** बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए।

16. The Directors of Moon Limited, an organisation manufacturing scooters, have asked their Marketing Manager to achieve a target sale of 100 scooters per day. The Marketing Manager has delegated the task to his Deputy Sales Manager without giving him any authority. The Deputy Sales Manager could not achieve the target. Is the Marketing Manager responsible? Explain, in brief, the relevant principle in support of your answer. 4

मून लिमिटेड, एक स्कूटर विनिर्माण संगठन, के संचालकों ने अपने विपणन प्रबन्धक को प्रतिदिन 100 स्कूटर बेचने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कहा। विपणन प्रबन्धक ने इस कार्य को अपने उप-विक्रय प्रबन्धक को किसी प्रकार का अधिकार दिए बग़ैर सौंप दिया। उप-विक्रय प्रबन्धक लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सका। क्या विपणन प्रबन्धक उत्तरदायी है? अपने उत्तर के समर्थन में सम्बन्धित सिद्धान्त की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

17. Explain, in brief, any *four* factors that influence the working capital requirement for any business enterprise. 4

किसी व्यावसायिक उपक्रम की कार्यशील पूँजी की आवश्यक मात्रा के निर्धारण को प्रभावित करने वाले किन्हीं **चार** कारकों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

18. Enumerate any *four* advantages of Stock Exchange to the investors. 4

निवेशकों के दृष्टिकोण से शेयर बाजार (स्टॉक एक्सचेन्ज) के किन्हीं **चार** लाभों की गणना कीजिए।

19. State any *four* merits of multiple shops. 4

बहुसंख्यक दुकानों के कोई **चार** लाभ बताइए।

20. Explain, in brief, the following Rights of consumers : 4

(a) Right to be informed

(b) Right to seek redressal

उपभोक्ताओं के निम्न अधिकारों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए :

(क) सूचना पाने का अधिकार

(ख) शिकायत निवारण का अधिकार

21. Explain the social responsibility of business towards *(a)* employees, and *(b)* consumers. 6

(क) कर्मचारियों एवं (ख) उपभोक्ताओं के प्रति व्यवसाय के सामाजिक उत्तरदायित्वों की व्याख्या कीजिए।

22. Explain, in brief, any *six* functions of an entrepreneur. 6

उद्यमी के किन्हीं **छः** कार्यों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

23. What is 'Controlling'? Explain, in brief, various steps involved in the process of controlling. 6

'नियंत्रण' क्या है? नियंत्रण-प्रक्रिया में निहित विभिन्न चरणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

24. The Directors of Mangauri Limited have decided to expand the business activities by increasing the stock of raw materials and finished goods at an estimated cost of Rs 1 crore. As the Finance Manager of the company, advise the Directors about various methods open to the company to raise necessary finance for this purpose. 6

मनगौरी लिमिटेड के संचालकों ने व्यावसायिक क्रियाओं का विस्तार करने हेतु एक करोड़ रुपये के अनुमानित मूल्य से कच्चे माल तथा तैयार माल के रहतिए में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। कम्पनी के वित्त प्रबन्धक के रूप में आप संचालकों को इस उद्देश्य के लिए आवश्यक पूँजी जुटाने के लिए उपलब्ध विभिन्न साधनों के विषय में सलाह दीजिए।

25. Shriniwas Publishing House is planning to release a new book for the examinees of competitive examination for All India Services. The Sales Manager is considering two alternatives—Newspaper or Magazine—as media for advertising the book. Which medium will you recommend as more suitable for this purpose and why? 6

श्रीनिवास प्रकाशन गृह अखिल भारतीय सेवाओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्षार्थियों के लिए एक नयी किताब के विमोचन की योजना बना रहा है। पुस्तक के विज्ञापन हेतु विक्रय प्रबन्धक दो विकल्प—समाचारपत्र अथवा पत्रिकाओं को विज्ञापन माध्यम के रूप में विचार कर रहा है। आप इसके लिए अधिक उपयुक्त कौन-से माध्यम की संस्तुति करेंगे तथा क्यों?

SECTION–B

खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

(Self-Employment in Business)

(व्यवसाय में स्व-रोज़गार)

26. An agent entered into a contract with third party and made personal profits. Identify the duty of the agent that is being violated in the above case. 1

एक एजेन्ट किसी तीसरे पक्ष से अनुबन्ध कर व्यक्तिगत लाभार्जन करता है।

उपरोक्त दशा में एजेन्ट ने अपने जिस कर्तव्य की अवहेलना की, उसे पहचानिए।

27. Define 'Ancillary Industrial Undertaking'. 2

'सहायक औद्योगिक उपक्रम' को परिभाषित कीजिए।

28. Explain any *two* functions of insurance agencies for insurance companies. 2

बीमा कम्पनियों के प्रति बीमा एजेन्सियों के किन्हीं **दो** कार्यों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

29. Explain, in brief, any *four* factors which require consideration while taking decision about the location of a business. 4

व्यवसाय-स्थान के बारे में निर्णय करते समय ध्यान में रखे जाने वाले किन्हीं **चार** तत्त्वों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

30. "Packaging agencies serve no useful purpose except making the product a showpiece." Do you agree with this statement? Give reasons in support of your answer. 6

''पैकेजिंग एजेन्सियां उत्पाद को सजावट की वस्तु बनाने के सिवाय कोई लाभप्रद सेवा प्रदान नहीं करतीं।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

OPTION–II

विकल्प–II

(Wage Employment in Business)

(व्यवसाय में नौकरी)

26. Define the term 'Remuneration'. 1

'पारिश्रमिक' शब्द को परिभाषित कीजिए।

27. Mention any *two* points of significance of office setup. 2

कार्यालय संरचना के महत्त्व के कोई **दो** बिन्दु बताइए।

28. Explain, in brief, any *two* functions of filing system. 2

फाइलिंग प्रणाली के किन्हीं **दो** कार्यों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

29. Explain, in brief, various steps in handling outgoing mail. 4

बाहर जाने वाली डाक-व्यवस्था के विभिन्न चरणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

30. "Office mechanisation has become a subject of great importance and necessity in the present commercial world." Do you agree with this statement? Give reasons. 6

''आधुनिक व्यावसायिक जगत् में कार्यालय यंत्रीकरण बहुत अधिक महत्त्वपूर्ण तथा आवश्यक हो गया है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कारण दीजिए।

★ ★ ★